प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 16.11.2026 समय : 18.30 पीएम

0000

- राज्य में पंचायती राज चुनाव के तहत आज 3 हजार 747 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंचों को चुनने के लिए वोट डाले गये– 75 फीसदी से अधिक मतदान।
- देश में आमजन के स्वास्थ्य खर्च में गिरावट–यह 64 प्रतिशत से घटकर 42 प्रतिशत हुआ।
- खेलो राजस्थान अभियान में इस बार कुल 16 खेलों के लिए प्रतियोगिताएं होंगी–30 नवम्बर तक पंजीकरण कराया जा सकेगा।
- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में मामूली गिरावट–अगले तीन दिनों में पारा और गिरने के आसार।

00000

राज्य में पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण के तहत आज 3 हजार 747 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंचों को चुनने के लिए वोट डाले गये। सुबह 7 बजे से शुरू हुई मतदान प्रकिया अब से कुछ देर पहले छिटपुट घटनाओं को छोड शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। अब तक मिले आंकडो के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। दोपहर 3 बजे तक जैसलमेर की सांकडा पंचायत समिति में सबसे ज्यादा 79 फीसदी जबकि सलूम्बर की जयसमंद पंचायत समिति में सबसे कम 56 प्रतिशत मतदान हुआ। अब से कुछ देर बाद मतगणना शुरू होगी और देर रात तक परिणाम घोषित किये जायेंगे। आज 3 हजार 699 सरपंच वहीं 33 हजार से अधिक वार्ड पंच चुने जायेंगे। इस चरण में 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। सरपंच पद के लिए कुल 22 हजार 158 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। छोटी मोटी घटनाओं को छोड अधिकतर पंचायतों में मतदान **शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ और मतदान** के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। जालौर जिले की रानीवाडा पंचायत समिति के कागमाला में 102 साल की जग्गू देवी ने मतदान किया। धौलपुर के बरौली ग्राम पंचायत में कल रात हुई फायरिंग के बाद आज दोपहर तक कोई व्यक्ति वोट डालने नहीं पंहुचा। खैरथल तिजारा के एक मतदान केन्द्र पर झडप में कुछ लोगों के घायल होने के समाचार है। हमारे संवाददाता ने बताया कि चौथे चरण के मतदान के साथ राज्य के पंचायती राज चुनावों में वोट डालने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

0000

देश में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में 11 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 12 दशमलव दो–नौ प्रतिशत हो गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार मुख्य रूप से खनिज तेल, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, बिजली, खाद्य वस्तुओं, मूल धातुओं, रसायन और रासायनिक उत्पादों के दामों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति की दर बढ़ी है।

0000

देश में आमजन द्वारा स्वास्थ्य पर किये जाने वाले खर्च में गिरावट आई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने बताया कि यह खर्च 64 प्रतिशत से घटकर 42 प्रतिशत रह गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार का खर्च 2013–14 में एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2023–24 में चार लाख 14 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति सरकारी खर्च एक हजार रुपये से तीन गुना बढ़कर लगभग तीन हजार रुपये हो गया है। उन्होंने बताया कि 2023–24 में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल निवेश भी तीन गुना होकर एक लाख 53 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

0000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2027–28 के सिलसिले में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट–पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आर्थिक कार्य विभाग की सचिव अनुराधा ठाकुर, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय हर वर्ष बजट से पहले विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, अर्थशास्त्रियों और राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ कई परामर्श बैठकें करता है। इन बैठकों का उद्देश्य विभिन्न वर्गों के विचारों को बजट में शामिल करना और अर्थव्यवस्था की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान देना है।

0000

स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने आज जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने के निर्देश दिए है। श्री जैन ने आज जयपुर नगर निगम के जोन उपायुक्तों के साथ बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने शहर में विभिन्न स्थानों पर बने कचरा पॉइंट्स और सफाई व्यवस्था में सामने आ रही लापरवाही पर गहरी नाराजगी जतायी। शासन सचिव ने कहा कि शहर की स्वच्छता का दायरा केवल मुख्य सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों तक सीमित नहीं होना चाहिए। आवासीय कॉलोनियों, आंतरिक मार्गों, सब्जी मंडियों, बाजारों एवं अन्य व्यस्त क्षेत्रों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कचरा संग्रहण एवं निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ ही चिन्हित कचरा पॉइंट्स को समाप्त करने तथा दोबारा कचरा एकत्रित नहीं होने देने के निर्देश दिए।

00000

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में स्वतंत्र, जिम्मेदार और नैतिक पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। आज ही के दिन वर्ष 1966 में भारतीय प्रेस परिषद – पीसीआई ने काम करना शुरू किया था। एक स्वतंत्र संस्था के रूप में स्थापित प्रेस परिषद का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रेस बाहरी दबावों से मुक्त रहते हुए पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को बनाए रखे। इस वर्ष राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह का विषय है – "पत्रकारिता रू लोकलुभावन या जिम्मेदार"। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में प्रेस परिषद की ओर से आयोजित समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि तकनीकी प्रगति, इंटरनेट और समाज की बदलती जरूरतों के कारण मीडिया क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में पिछले दो दशकों की तुलना में अधिक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

इस अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने अपने संबोधन में अपुष्ट सूचनाओं के बढ़ते प्रसार और पत्रकारिता पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की।
राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जयपुर के विद्याधर नगर में आयोजित एक समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग होने के साथ–साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए समय का प्रमाण भी है। उन्होंने पत्रकारों से लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कलम की ताकत को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

00000

राज्य में मौसम में आये बदलाव के कारण बीते 48 घंटे में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। नागौर में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। ज्यादातर स्थानों पर रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है, वहीं दिन के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि अभी भी ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात का तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। कई स्थानों पर रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास मापा जा रहा है। बीती रात सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 12 दशमलव 3 डिग्री पारा तापमान मापा गया। शेखावाटी के अन्य भागों में भी अब हल्की ठण्ड का एहसास होने लगा है।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि अगले दो–तीन दिन में राज्य के ज्यादातर हिस्सों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। उन्होंने बताया कि अगले एक सप्ताह बारिश होने के आसार नहीं है।

0000

श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर क्षेत्र के 50 जीबी के पास जांच एजेन्सियों ने आज दो और बम बरामद किए हैं। यह कार्यवाही पिछले दिनों रेलवे ट्रेक पर हुए ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर की गई। ये बम भी पिछले दिनों हुए ब्लास्ट के स्थान से कुछ दूर ही बरामद हुए। मामले के जांच अधिकारी नितिन चौधरी ने मीडिया को बताया कि बम निरोधी दस्ते द्वारा इन बमों की जांच के बाद एक बम जिंदा मिला, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया, वहीं दूसरा बम पहले से ही निष्क्रिय था।

0000

प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित होने वाले खेलो राजस्थान अभियान में इस बार कुल 16 खेलों को शामिल किया गया है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने इस बार

चार और खेलो को जोड़ा है, जिसमें हॉकी, शूटिंग बॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट ओर मल्लखम्भ शामिल हैं। परिषद ने सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों को खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर निकाय, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। परिषद के कार्यक्रम के अनुसार ये खेल 15 दिसंबर से आयोजित किए जाने हैं। इनके लिए 30 नवंबर तक पंजीकरण करवाया सकेगा । कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

0000